BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जून में हेरिटेज मंथ का जशन वर्चुअल तौर पर मना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (1 जून, 2021) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, नेशनल इंडीजीन्स पीपल्स मंथ (National Indigenous Peoples Month) का जशन मनाने के अलावा, अपनी इटैलियन, पुर्तगीज और फिलिपीनो कम्युनिटीज को सम्मानित करके, जून में अपने मल्टीकल्चरल मोजैक का वर्चुअल (आभासी) तौर पर धन्यवाद करेगी।

**इटैलियन हेरिटेज मंथ**

इटैलियन हेरिटेज मंथ (Italian Heritage Month), बुधवार, 2 जून को, इटैलियन नेशनल डे (Italian National Day) के साथ शुरू हो रहा है। इसकी शुरुआत, झंडा लहराने की वर्चुअल रस्म के साथ की जाएगी और मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), वार्ड्स 7 और 8 के रीजनल काउंसलर; पैट फोर्टिनी (Pat Fortini) और वार्ड्स 2 और 6 के रीजनल काउंसलर; माइकल पलेशी (Michael Palleschi) के द्वारा संदेश दिए जाएंगे। इतिहास और जशन का परिचय दिया जाएगा, दो पारंपरिक रेसिपीज ट्यूटोरियल्स (मीठा और खट्टा) और पहले के कार्यक्रमों की तस्वीरों वाली फोटो गैलरी पेश की जाएगी।

हाल ही के जनगणना डेटे के आधार पर इटली, शहर में 25,200 निवासियों के साथ, ब्रैम्पटन के टॉप 10 एथनिक ओरिजिन्स (Ethnic Origins) में से एक है।

जशन में शामिल होने के लिए, www.brampton.ca/italianheritagemonth पर जाएं।

**पुर्तगीज हेरिटेज मंथ**

पुर्तगीज हेरिटेज मंथ (Portuguese Heritage Month), वीरवार, 10 जून को, 'द डे ऑफ पुर्तगाल' ('The Day of Portugal') के साथ शुरू होगा। इसकी शुरुआत, झंडा लहराने की वर्चुअल रस्म के साथ की जाएगी और मेयर पैट्रिक ब्राउन, वार्ड्स 3 और 4 के रीजनल काउंसलर; मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros) और वार्ड्स 1 और 5 के रीजनल काउंसलर; पॉल विसेंट (Paul Vicente) के द्वारा संदेश दिए जाएंगे। इतिहास और जशन का परिचय दिया जाएगा, दो पारंपरिक रेसिपीज ट्यूटोरियल्स (मीठा और खट्टा) और पहले के कार्यक्रमों की तस्वीरों वाली फोटो गैलरी पेश की जाएगी।

हाल ही के जनगणना डेटे के आधार पर पुर्तगाल, शहर में 24,500 निवासियों के साथ, ब्रैम्पटन के टॉप 10 एथनिक ओरिजिन्स में से एक है।

जशन में शामिल होने के लिए, www.brampton.ca/portugueseheritagemonth पर जाएं।

**फिलिपीनो हेरिटेज मंथ**

फिलिपीनो हेरिटेज मंथ (Filipino Heritage Month), 1898 में पहली बार फिलीपींस झंडा लहराने के दिन को याद करते हुए, 12 जून को शुरू होगा। इसकी शुरुआत, झंडा लहराने की वर्चुअल रस्म के साथ की जाएगी और मेयर पैट्रिक ब्राउन और वार्ड्स 1 और 5 की रीजनल काउंसलर; रोएना सैन्टोस (Rowena Santos) के द्वारा संदेश दिए जाएंगे। फिलीपींस के राष्ट्रीय गीत की पहले से रिकॉर्ड की गई परफॉर्मेंस और फिलीपींस के महान योद्धाओं में से एक, डॉ. जोस प्रोटैजियो रिज़ल (Dr. José Protasio Rizal) को समर्पित, नॉर्थ-ईस्ट ब्रैम्पटन (north-east

Brampton) के  पार्क  का नाम बदलने के वीडियो का आनंद लें। इतिहास और जशन का परिचय दिया जाएगा, दो पारंपरिक रेसिपीज ट्यूटोरियल्स (मीठा और खट्टा) और पहले के कार्यक्रमों की तस्वीरों वाली फोटो गैलरी पेश की जाएगी।

हाल ही के जनगणना डेटे के आधार पर पुर्तगाल, शहर में 20,100 निवासियों के साथ, ब्रैम्पटन के टॉप 10 एथनिक ओरिजिन्स में से एक है।

जशन में शामिल होने के लिए, www.brampton.ca/filipinoheritagemonth पर जाएं।

**नेशनल इंडीजीन्स हिस्ट्री मंथ**

जून में, हम कैनेडा के फर्स्ट नेशन्स (First Nations), इनउट (Inuit) और मेटिस (Métis) लोगों के, इतिहास, विविधता और खास योगदानों हेतु, उन्हें सम्मानित करने के लिए, नेशनल इंडीजीन्स हिस्ट्री मंथ (National Indigenous History Month) मनाते हैं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, मिसीसागा ऑफ द क्रेडिट फर्स्ट नेशन (Mississauga's of the Credit First Nation) के ट्रीटी टेरिटरी (Treaty Territory), और उनसे पहले, हौडेनोसौनी (हौ-डे-नो-सौ-नी) (Haudenosaunee) (hau-de-no-sau-nee), हुरोन (Huron) और वेनडैट (औ-ऐन-डैट) (Wendat) (Ou-en-dat) के पारंपरिक क्षेत्र में होने वाले हमारे कार्य को सम्मानित करती है और मान्यता देती है। हम कई फर्स्ट नेशन्स, मेटिस, इनउट और अन्य ग्लोबल इंडीजीन्स लोगों को भी मान्यता देते हैं, जो ब्रैम्पटन को घर कहते हैं। हमें इस धरती पर उनके रहने, काम करने और आनंद लेने पर गर्व है।

यह माह, इंडीजीन्स लोगों की विरासत, विविध संस्कृतियों, खास भाषाओं और आध्यात्मिक विश्वास पर विचार करने और इनके बारे में जानने का अवसर है। साथ ही यह उनके असाधारण योगदानों (अतीत और वर्तमान के) बारे में भी जानने का अवसर है, जो लगातार हमारी कम्युनिटी को समृद्ध बनाते हैं।

हम उन्हें याद करते हैं, जो दुखद ढंग से प्रभावित हुए हैं या जिन्होंने प्रणालीगत अन्याय की  वजह  से अपनी ज़िंदगियां खोई हैं। हमें 215 बच्चों की मौत का बेहद अफसोस है, जो इस वर्ष कम्लूप्स (Kamloops) में रेजिडेंशियल स्कूल की साइट पर मिले थे। हम इंडीजीन्स पीपल्स के साथ एकजुटता में खड़े हैं और मेलमिलाप के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सांस्कृतिक समारोहों और जशनों के महत्व और धार्मिक विशेषता को समझती है। हालांकि कोविड-19 (COVID-19) के कारण, इस वर्ष जशन और कार्यक्रम अलग हैं, फिर भी सिटी, हमें उनके अनुभवों को समझने, उनकी बेजोड़ जरूरतों पर विचार करने, उनकी आवाज और कहानियां सुनने और उन्हें आगे बढ़ाने की अनुमति देते हुए, सोमवार, 21 जून को वर्चुअल कैपेसिटी में नेशनल इंडीजीन्स पीपल्स डे का जशन मनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेशनल इंडीजीन्स पीपल्स डे के ऑनलाइन जशन, झंडा लहराने के वर्चुअल समारोह के साथ शुरू होंगे, उसके बाद क्राउन लैंड्स (Crown Lands) के द्वारा ऑनलाइन परफॉर्मेंस होगी। चीफ आर. स्टेसी लाफोर्म (R. Stacey Laforme) के द्वारा, मिसीसागा ऑफ न्यू क्रेडिट (Mississauga's of the New Credit) के द्वारा इंडीजीन्स लोगों के सम्मान में संदेश (लैंड एक्नॉलेजमेंट); फीस्ट प्लेट; ट्रेसी वाइट (Tracey Whiteye) के साथ, वर्चुअल स्ट्रॉबरी मून टीचिंग (Strawberry Moon Teaching); और बुजुर्गों जाबाक्वी (Jaabaakwe) और जोएस टैबोबोन्डंग (Joyce Tabobondung) के साथ पारंपरिक कॉर्न सूप सिखाने  के  वीडियो पेश किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/NIPD पर जाएं।

इस वर्ष जून के जशन, प्रोविंस ऑफ ओनटैरियो मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ (Province of Ontario Ministry of Health) और रीजन ऑफ पब्लिक हेल्थ कोविड-19 (Region of Peel Public Health COVID-19) संबंधी ऑर्डर्स और गाइडलाइन्स के मुताबिक, सभी वर्चुअल कार्यक्रम हैं।

**हवाले**

“इस जून, हम हमारे विविध शहर की शानदार कम्युनिटीज के योगदानों का सम्मान कर रहे हैं और उनका जशन मना रहे हैं। हम पूरी भागीदारी वाला फ्रेमवर्क बनाने के लिए कई विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हिमायत कर रहे हैं, जो हमारी सिटी में विविधता को उजागर करता है।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“कार्यस्थल और कम्युनिटी, दोनों में विविधता और भागीदारी, ब्रैम्पटन जैसी आबादी वाली म्युनिसिपल्टीज के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह जशन, निवासियों के लिए अन्य संस्कृतियों और उन कई कम्युनिटीज के बारे में जानने का शानदार अवसर हैं, जो हमारी सिटी को बेहतर बनाती हैं।”

- *हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10; चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“इस वर्ष के हेरिटेज मंथ जशनों के दौरान, हम सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के एक पार्क को, फिलीपींस के महान योद्धाओं में से एक, डॉ. जोस प्रोटैजियो रिज़ल के नाम पर समर्पित कर रहे हैं। ब्रैम्पटन में चुनी गई पहली फिलीपीनो के तौर पर, मुझे हमारी कम्युनिटी के साथ यह नया पार्क साझा करने की बेहद खुशी और गर्व है।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस-चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमें हेरिटेज मंथ का जशन मनाने की खुशी है और हम समझते हैं कि कार्यस्थल में विविधता और भागीदारी, हमारे संगठन में नए दृष्टिकोण लेकर आते हैं, जो जनता की बेहतर ढंग से सेवा करने के लिए, हमारी कम्युनिटी की जरूरतों के बारे में समझ को बढ़ाता है।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca